Title: Need to provide telephone facilities at Fatehpur and Bindki railway stations in U.P - Laid.

डॉ0 अशोक पटेल (फतेहपुर) : अध्यक्ष महोदय, फतेहपुर ओर बिन्दकी रोड व्यापारिक स्टेशन हैं, परन्तु यहां पर टेलीफोन सुविधा उपलब्ध न होने के कारण व्यापारियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्हें टेलीफोन करने के लिये बहुत दूर जाना पड़ता है। इसके परिणामस्वरूप न केवल उनका बहुमूल्य समय नट होता है बल्कि धन की भी बरबादी होती है। फतेहपुर और बिन्दकी स्टेशनों पर टेलीफोन सुविधा उपलब्ध कराने से व्यापारियों की कठिनाइयों को दूर किया जा सकता है।

अतः सरकार से अनुरोध है कि उक्त स्टेशनों पर शीघ्र ही टेलीफोन सुविधा उपलब्ध कराये ताकि व्यापारियों को टेलीफोन करने बहुत दूर न जाना पड़े तथा वे राहत की सांस ले सकें।